# Press Release: Report questions ADB funded projects under the 'Himachal Clean Energy Development Programme'

- ADB loans for four hydroprojects at eco-fragile zones
- Livelihood concerns and environmental issues un-addressed
- Section 17/4 – Urgency clause being used by HPPCL for forced acquisition of land
- Poor EIA reports and non compliance to environmental norms

Recently, a Public Hearing for the World Bank funded Luhri Hydro Electric had to be cancelled after public protests making it clear that the environmental and social impacts of Hydropower projects as well as the increasing gap between their promise and performance, especially in the Himalayan region have become issues of serious concern. And yet these projects continue to be promoted in the garb of renewable and clean energy. So much so that governments are borrowing millions of rupees from international banks and financial institutions to fund these so called 'green' projects. In Himachal Pradesh the Asian Development Bank is leading the way by financing four hydro projects through a Multi Financing Facility of 800 million dollars under the misleading name of 'Himachal Clean Energy Development Programme'. The four ADB financed hydro power projects being constructed by HPPCL include the 195 MW Integrated Kashang Stage I, II and III and the 402 MW Shongtong-Karccham in Kinnaur. The other two projects are the 111 MW Sawara-Kuddu hydropower project in Shimla district and the 100 MW Sainj hydropower project in Kullu District.

## Objectives of the report

A report titled 'In the Name of Clean Energy' by Him Dhara, Environment Research and Action Collective and South Asia Network on Dams, Rivers and People presents a critique of ADB's investment in the Hydropower sector in the state. The report puts together field observations on the violations of norms and legislations that are supposed to protect the livelihood interests and environmental rights of the project affected communities. The report looks at the environmental and socio-economic impacts of each of the projects. ADB in its project documents and policies has consistently insisted on safeguard mitigation measures on three fronts – social, environmental and public or 'stakeholder consultation. The objective of this study was to look at the implementation of these on the ground.

## Key findings

One of the key findings of the report has been that despite ADB's long drawn out list of claimed safeguards on social and environmental accountability, there is little difference between hydroprojects projects in Himachal funded by ADB and those where a comprehensive safeguard framework like ADB claims does not exist. The performance of both sets of projects is equally pathetic on all counts.

The report points out that all four ADB project locations are eco-fragile in nature. All four are coming up in heavily dammed basins where there has been no credible cumulative impact assessment or carrying capacity studies, where rivers have been destroyed several times over and the performance of the past projects have been pathetic on benefits, costs and impacts. All four are in seismic zone IV, being built on catchments of glacial rivers, some so close to the glaciers that the projects are likely to accelerate the melting of glaciers. The integrated Kashang project area falls in an alpine zone (altitude varying from 2000 to 3150 meters above msl.) where the ecological foot print of any activity is going to be huge and permanent. The Sainj project is in close vicinity to two very important sites from conservation point of view – the Great Himalayan National park and the Sainj Wildlife Sanctuary. Similarly, adjacent to the Kashang Project area is the Lippa Asrang Wild Life sanctuary. All four projects also involve diversion of forest land, the total area of forests to be officially diverted coming up to 221.54 hectares, actual impacts could be much greater, going by past experience. The nature of these forests is also diverse ranging from alpine pastures to temperate forests of *deodar* and *chilgoza* and from pine monocultures to mixed forests.

Further the report goes on to point out that these projects are not coming up in isolation but are part of a cascade of projects within a river basin and none of the Environment Impact Assessment studies bring out the gravity of the cumulative impacts of all projects related activities, including dams, blasting, mining, tunelling, road construction, townships construction, dumping of muck and other related construction activities. “It is surprising that the ADB's environmental safegaurd policies failed to identify the cumulative threats and basin wide impacts of the Hydro-projects it is financing” the report states. The EIA report of the Kashang Integrated project fails to mention the fact that on the same mountain side, at different altitudes, two more tunnels are planned, one for construction of Jungi-Thopan 960 MW project and the other for NH-22. In toto, there would be three tunnels in a single mountain which is severely under threat of sliding down.

“ADB would have steered clear of projects in ecologically sensitive areas and sites that are important from the conservation point of view, like Kinnaur and Sainj, if its commitment towards a cleaner environment and climate justice was real” the report states. “The ADB loans for Himachal Hydro projects are reflective of its economic interest in the energy sector and giving it the 'green' colour amounts to a serious lack of ethics”.

**Role of HPPCL, the executing agency**

The report is severely critical of the role played by HPPCL as the executing agency. The report states that the company has had a high handed and casual attitude, and instead of following basic norms of transparency, participation, social and environmental accountability, has adopted an adhoc approach to dealing with local impacts. “The most stark indicators of this are - the use of section 17/4 of the Land Acquisition Act 1894 for forced acquisition of private agricultural land; a complete non recognition of the impacts on people's rights on common property resources; the non compliance to the Forest Rights Act 2006 and severe inadequacies in the EIA reports which when pointed out during the public hearings met with justifications and counter claims rather than a genuine concern for people's views or respect or facts”.

**Problematic State Policies**

The inadequacy of the state government's policy regime, in terms of its Hydropower Policy, has been overlooked by the ADB. Instruments like CAT (Catchment Area treatment) and LADA (Local Area Development) have not been studied critically for their ineffectiveness as mitigation mechanisms before being accepted, adopted and hailed as the be all and end all solutions in the Environment Management and Rehabilitation Plans. No proper mechanisms have been put in place for compliance or grievance redressal and that is obvious from the fact that local communities have turned to the judiciary or taken resort to public actions or protest to make their voice heard in the case of the Kashang-I as well as Sawra Kuddu Projects, both in advanced stages of implementation. HPPCL's response has come in only after public agitations or protests and it has found increasing cash compensation as the only means to quieten protest to allow project work to continue.

Most of the issues mentioned in the report do not find space in the ADB compliance and mid term evaluation reports which attempt to maintain the image that progress on the projects has been smooth. This report is also being forward to the ADB demanding withdrawal from projects, stopping construction where work has not yet commenced and an immediate, credible, independent review of the projects under construction with fair public consultations.

While our focus in this study has been on the ADB funded projects, we are also concerned about the state and central government's lack of response to the very serious concerns that have been raised by its own people. That the state government is relying on loans from an international bank and in the process selling out its precious natural resources for unjustifiable hydro projects is unacceptable.

A detailed copy of the report is available at http://www.sandrp.in/hydropower/Report_Adb_Financed_HEPs_HP%20210511.pdf

For details contact:

Prakash Bhandari, Him Dhara 9816089920

Himanshu Thakkar, SANDRP, 9968242798

R.S Negi, Him Lok Jagriti Manch, 9418002562

**प्रैस नोटः हिमाचल में एडीबी द्वारा वित्तपोषित ''क्लीन एनर्जी डैवलैपमैंट प्रोग्राम'' पर सवाल उठाती रिपोर्ट**

हाल में विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित लुहरी जल विद्युत परियोजना के लिए आयोजित जन सुनवाई को स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण रद्द किए जाने के बाद यह स्पष्ट है कि हिमालयी क्षेत्र में बनाई जा रही जल विद्युत परियोजनाओं के पर्यावर्णीय और सामाजिक प्रभाव आज गंभीर चिंता का कारण बन गए हैं, विशेषकर स्थानीय लोगों के लिए। वहीं दूसरी ओर सरकारें ऐसी परियोजनाओं को स्वच्छ ऊर्जा के रूप में बढ़ावा दिए जा रही हैं। यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय बैंकों से अरबों रुपये ऋण पर लेकर ऐसी तथाकथित 'हरित' परियोजनाओं का निर्माण कर रही हैं। हिमाचल प्रदेश में एशियन डैवलैपलैंट बैंक ऐसी परियोजनाओं की अगुवाई कर रहा है, जिसके अंतर्गत वह 'हिमाचल क्लीन एनर्जी डैव्लैपमैंट प्रोग्राम' में 4 परियोजनाओं के लिए बहुमुखी आर्थिक तंत्र के माध्यम से लगभग 80 करोड़ डौलर का निवेश कर रहा है। एडीबी द्वारा वित्तपोषित व एचपीपीसीएल द्वारा निर्मित 4 परियोजनाओं में शामिल हैं – 242 मैगावाट समयोजित काशांग I, II व III और 402 मैगावाट शौंगटौंग–कड़छम किन्नौर में। बाकी दो परियोजनाएं हैं – शिमला ज़िले में 111 मैगावाट सावड़ा–कुड्डू जल विद्युत परियोजना और कुल्लू ज़िले में 100 मैगावाट की सैंज जल विद्युत परियोजना। इस रिपोर्ट में प्रत्येक परियोजना से होने वाले पर्यावर्णीय एवं सामाजिक–सांस्कृतिक प्रभावों पर अलग से व उनके समयोजित प्रभावों की आलोचना की गई है।

'स्वच्छ ऊर्जा के नाम' नामक हिमधरा– पर्यावरण अध्ययन एवं क्रिया समूह, पालमपुर तथा साउथ एशिया नैटवर्क औन डैम्स रिवर्स ऐंड पीपल, दिल्ली द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में हिमाचल राज्य में एडीबी द्वारा जल विद्युत परियोजनाओं पर किए जा रहे निवेश की आलोचना की गई है। इस रिपोर्ट में उन नियमों एवं कानूनों के उल्लंघन का स्थानीय अध्ययन किया गया है जो परियोजना प्रभावित स्थानीय लोगों की आजीविकाओं, उनके हितों और उनके पर्यावर्णीय अधिकारों की सुरक्षा करते हैं।

'रिपोर्ट में कहा गया है कि एडीबी ने हमेशा अपने दस्तावेज़ों और नीतियों में यह दावा किया है कि वह सामाजिक, पर्यावर्णीय और जन परामर्श को प्राथमिकता देता है। इस अध्ययन का उद्देश्य था कि एडीबी की इन नीतियों पर ज़मीनी स्थिति का आंकलन किया जाए। इस रिपोर्ट द्वारा एक महत्वपूर्ण खुलासा हुआ है कि हालांकि एडीबी की नीतियों में लंबे चौड़े पर्यावर्णीय व सामाजिक सुरक्षा के पहलू शामिल हैं, उनकी अपनी और हिमचाल में अन्य संस्थाओं के आर्थिक सहयोग से बन रही परियोजनाओं के प्रभावों में कोई अंतर नहीं है! चाहें जल विद्युत परियोजना को कोई भी संस्थान आर्थिक सहयोग दे रहा हो, उन सभी के प्रभाव बराबर हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एडीबी के सहयोग से बन रही चारों परियोजनाएं पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील हैं। चारों ही ऐसी नदियों पर बनाई जा रही हैं जिनका किसी भी भरोसेमंद संस्था ने समायोजित प्रभाव आंकलन नहीं किया है और ना ही इन नदियों की भार क्षमता निर्धारित की गई है, पहले से बनाई जा चुकी परियोजनाओं के कारण यह नदियां बर्बाद हो चुकी हैं – ऐसी परियोजनाएं जो उन पर खर्च की गई लागत को अभी तक पूरा नहीं कर पाई हें या फिर उनका उत्पादन इतना कम है कि वह इस लागत की पुष्टि नहीं करता। यह सभी भूकंप क्षेत्र श्रेणी 4 में बनाई जा रही हैं, ग्लेशियर व हिमनदियों के जलग्रह क्षेत्र में इनका निर्माण किया जा रहा है और कुछ तो ग्लेशियर के इतनी नज़दीक हैं कि इनके कारण ग्लेशियरों का पिघलना और अधिक तेज़ी पकड़ सकता है।

समयोजित काशांग परियोजना का निर्माण स्थल बर्फीला मैदानी क्षेत्र है। समुद्र के स्तर से 2000 मी. से लेकर 3150 मी. की ऊँचाई पर, जहाँ किसी भी निर्माण कार्य का पारिस्थितिकीय पद चिन्ह भारी पड़ेगा। सैंज परियोजना का निर्माण स्थल दो बहुत महत्वपूर्ण संरक्षण स्थलों के पास है, जो संरक्षण की दृष्टि से राष्ट्रीय महत्व रक्षते हैं – ग्रेट हिमालयन नैशनल पार्क है व सैंज वन्यजीव अभ्यारण्य। इसी प्रकार काशांग निर्माण स्थल लिप्पा असरंग वन्यजीव अभ्यारण्य के बिल्कुल निकट है। चारों ही परियोजनाओं में विशाल स्तर पर वन भूमि का हस्तांतरण किया जाना है, जो औपचारिक आंकड़ों के अनुसार कुल मिलाकर 221.54 हैक्टेयर क्षेत्र है, लेकिन इसके प्रभाव इससे कहीं ज़्यादा क्षेत्र में पड़ेंगे। यह वन क्षेत्र विविध प्रकार के हैं जिनमें बर्फीले चारागाहों से लेकर देवदार व चिलगोज़े और चीड़ तथा मिश्रित प्रकार के वन शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट में इस बात पर भी ध्यान आकर्षित किया गया है कि यह सभी परियोजनाएं अपनी अपनी नदी घाटी में अकेली परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि ये एक के बाद एक कड़ी में बनाई जा रही परियोजनाओं का हिस्सा हैं। इनमें से किसी भी परियोजना के पर्यावरण प्रभाव आंकलन में पूरी घाटी को सुरंगों तथा ऐसे विशाल निर्माण कार्यों जैसे बांध निर्माण, ब्लास्टिंग, खनन, सड़क निर्माण, शहरीकरण, मलबा फैंके जाने आदि से भर दिए जाने के संयुक्त प्रभावों के विषय में कोई ज़िक्र नहीं किया गया है। ''यह अत्यंत आश्चर्यजनक है कि एडीबी की विस्तृत पर्यावरण सुरक्षा नीतियों के अंतर्गत पूरी नदी घाटी पर होने वाले संयुक्त प्रभावों का कोई आंकलन नहीं हो सका'', रिपोर्ट में कहा गया है।

उदाहरण के लिए, काशांग की ईआईए रिपोर्ट में कहीं भी इस विषय पर चर्चा नहीं की गई है कि एक ही पहाड़ पर, विभिन्न ऊंचाईयों पर दो अन्य सुरंगें भी प्रस्तावित हैं – एक जुंगी–थोपान की 960 मैगावाट परियोजना के लिए और दूसरी राष्ट्रीय राजमार्ग 22 के लिए। कुल मिलाकर यहां एक ही पहाड़ में 3 सुरंगों का निर्माण होगा, जिससे इस पहाड़ के खिसकने की संभावनाएं और अधिक बढ़ जाएंगी।

''अगर एडीबी स्वच्छ पर्यावरण और मौसमी बदलावों की ओर अपनी प्रतिबद्धता को महत्वपूर्ण मानता तो वह इनमें से किसी भी परियोजना को आर्थिक सहयोग नहीं देता'', रिपोर्ट का कहना है। एडीबी हिमाचल में जितनी जल विद्युत परियोजनाओं को आर्थिक सहयोग दे रहा है वह उसके पूरे भारत में दिए जा रहे आर्थिक सहयोग से कहीं ज़्यादा है। इससे स्पष्ट है कि वह ऊर्जा उद्योग से होने वाले आर्थिक लाभ को सर्वप्रथम प्राथमिकता दे रहा है और उसे 'हरित ऊर्जा' का नाम देना सरासर धोखा है।

रिपोर्ट में एचपीपीसीएल की भूमिका की भी कड़ी आलोचना की गई है, जो इन परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, एचपीपीसीएल का रवैया बड़े बाबू जैसा है जो पारदर्शिता, भागीदारी, सामाजिक एवं पर्यावर्णीय जवाबदारी सुनिश्चित करने के बजाए स्थानीय प्रभावों के मुद्दे को दबाता आया है। ''इसका प्रमाण ''भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 17/4 लगाकर ज़बरदस्ती कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है; स्थानीय लोगों के सामूहिक भूमि पर अधिकारों की पूरी तरह से अवहेलना की जा रही है; वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का उल्लंघन हो रहा है और ईआईए रिपोर्टों में कई कमियां हैं, जिन्हें पर्यावरण जन सुनवाई में बताए जाने पर, लोगों के नज़रिए को नज़रंदाज करते हुए, उनके लिए उल्टे सीधे जवाब देकर उन्हें अमान्य कर दिया गया''।

एडीबी ने राज्य सरकार की पनबिजली नीति में खामियो / कमजोरियो पर ध्यान ही नहीं दिया। परियोजना के प्रभावो से राहत दिलाने में CAT व LADA की उपयुक्तता को जाँचे बिना ही उन्हे अपनाया गया जैसे कि वह पर्यावर्णीय प्रबंधन व पुनर्वास योजना की हर समस्या का हल है। शिकायत निवारण के लिये अभी तक कोई उपयुक्त व्यवस्था

नहीं है जिस के कारण लोग कोर्ट जाने को विवश हैं या फिर अपना विरोध प्रकट करने सड़को पर उतर आते हैं, जैसा कि काशांग और सावड़ा कुड्डू दोनों जगहों पर हुआ।

यहाँ चर्चित अधिकांश मुद्दे एडीबी की मध्यवधि आंकलन रिर्पाट में शामिल नहीं है। उल्टा यह रिर्पोट परियोजना की प्रगति को निर्विध्न रूप से चलते हुए दर्शाती है। हालांकि इस अध्ययन में उन परियोजनोओ पर ध्यान केंद्रित रहा है जिन्हें एडीबी से आर्थिक सहयोग मिला, लेकिन राज्य सरकार की प्रतिक्रिया भी चिंताजनक है, जिसने लोगो द्वारा उठाए गये गंभीर मुद्दों का कोई उचित जवाब नहीं दिया। वास्तव में राज्य सरकार रोजगार बढाने के लिये व राजस्व प्राप्त करने के लिये एक अंतरराष्ट्रीय बैंक से ऋण ले रही है और उसके बदले राज्य के बहुमूल्य संसाधन बेच (लुटा) रही है। ऐसी राज्य सरकार की नीति बहुत आपत्तिजनक है। हमारे विचार में राज्य सरकार को अपनी बनाई गई पनबिजली नीति का जल्द ही पुर्ननिरीक्षण करना चाहिये।

अध्ययनकर्ताओं ने यह रिपोर्ट एडीबी को भी भेजी है कि वह हिमाचल राज्य में पन विद्युत परियोजनाओं को आर्थिक सहयोग देना बंद करे, निर्माणाधीन परियोजना का निर्माण कार्य बंद करवाए और इसके बजाए वह आज तक उसके द्वारा वित्तपोषित सभी परियोजनाओं की एक स्वतंत्र एवं विश्वसनीय जांच कराए, जिसमें स्थानीय प्रभावित लोगों की भी भागीदारी हो, एक सशक्त जांच एवं निगरानी तंत्र स्थापित करे जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत सदस्य स्थानीय लोग हों।

विस्तृत रिपोर्ट वैबसाईट पर उपलब्ध है। http://www.sandrp.in/hydropower/Report_Adb_Financed_HEPs_HP%20210511.pdf

और अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :

Prakash Bhandari, Him Dhara 9816089920
Himanshu Thakkar, SANDRP, 9968242798
Sr. R.S. Negi, Him Lok Jagriti Manch, 9418002562